Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 25अगस्त, 2022

राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार-2022

मत्स्य-पालन, शुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत **पशुपालन एवं डेयरी विभाग** ने **वर्ष 2022** के **राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कारों** के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार **पोर्टल के माध्यम से 1 अगस्त, 2022 से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये हैं।** आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2022 है। ये पुरस्कार राष्ट्रीय **दुग्ध दिवस (26 नवंबर, 2022)** के अवसर पर प्रदान किये जायेंगे। देश में **"राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM)" दिसंबर 2014 में शुरू** किया गया था, जिसका **उद्देश्य स्वदेशी गोजातीय नस्लों को वैज्ञानिक तरीके से संरक्षित तथा विकसित करना था।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत, दुग्ध उत्पादक किसानों और इस क्षेत्र में काम करने वाले व्यक्तियों तथा दुग्ध उत्पादकों को बाज़ार तक आसान पहुँच प्रदान करने वाली डेयरी सहकारी समितियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अग्रलिखित श्रेणियों में वर्ष 2022 का राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार प्रदान किया जाएगा: **देशी गाय/भैंस की नस्लों को पालने-पोसने वाले सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान** (पंजीकृत नस्लों की सूची संलग्न है), **सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन** (एआईटी) तथा **सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति/दुग्ध उत्पादक कंपनी/डेयरी किसान उत्पादक संगठन।**

रमेशबाबू प्रज्ञानानंद

रमेशबाबू प्रज्ञानानंद ने **एफटीएक्स क्रिप्टो कप** (FTX Crypto Cup) में **पाँच बार के शतरंज चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हरा दिया है। मैग्नस कार्लसन दुनिया के नंबर 1 शतंरज** के खिलाड़ी हैं और पाँच बार विश्व चैंपियन और**नॉर्वे के शतरंज ग्रैंडमास्टर** हैं। उन्होंने **तीन बार विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप और पाँच बार विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप** भी जीती है। लेकिन भारत के ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानानंद ने मैग्नस कार्लसन को अमेरिका के मायामी में आयोजित एफटीएक्स क्रिप्टो कप के फाइनल राउंड में 4-2 से हराकर बड़ी जीत हासिल की है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद भी **प्रज्ञानानंद टूर्नामेंट में कुल मिलाकर कार्लसन के मुकाबले कम प्वाइंट जीत पाने के कारण दूसरे नंबर पर रहे।** पूरे टूर्नामेंट में कार्लसन ने 16 मैच प्वाइंट जीते लेकिन रमेशबाबू प्रज्ञानानंद ने 15 मैच प्वाइंट जीते। रमेशबाबू प्रज्ञानानंद**भारत के शतरंज ग्रैंडमास्टर हैं।** वह **ग्रैंडमास्टर की उपाधि प्राप्त करने वाले पाँचवें सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं।** उनकी बहन वैशाली रमेशबाबू भी शतरंज की खिलाड़ी हैं और उन्होंने इंटरनेशनल मास्टर्स और वुमन ग्रैंडमास्टर का खिताब अपने नाम किया है।

पुलित्ज़र पुरस्कार, 2022

अमेरिका की ऑनलाइन पत्रिका **'इनसाइडर'** के लिये काम करने वाली बांग्लादेश मूल की चित्रकार और कहानीकार **फहमीदा अज़ीम** को **वर्ष 2022** के पुलित्ज़र पुरस्कार के लिये चुना गया है। उन्हें यह पुरस्कार **सचित्र व्याख्यात्मक रिपोर्टिंग** और **कमेंट्री** की श्रेणी के लिये दिया जा रहा है। इनसाइडर पत्रिका के चार पत्रकारों **एंथनी डेल कर्नल, जोश एडम्स और वॉल्ट हिक्की** सहित **फहमीदा अज़ीम** को चीन में **उइगरों के उत्पीड़न पर कार्य** करने के लिये चुना गया है। फहमीदा अज़ीम का जन्म **बांग्लादेश** में हुआ था बाद में वह अमेरिका में बस गई। उनका कार्य **पहचान, संस्कृति और स्वायत्तता** के विषयों पर केंद्रित है। उनकी कलाकृतियाँ **ग्लैमर, साइंटिफिक अमेरिकन, द इंटरसेप्ट, वाइस, द न्यूयॉर्क टाइम्स** जैसी कई अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित होती हैं। पुलित्ज़र पुरस्कार को पत्रकारिता के क्षेत्र में**अमेरिका का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान** माना जाता है। इस पुरस्कार की शुरुआत**वर्ष 1917** में की गई थी, जिसे **कोलंबिया विश्वविद्यालय** और **'पुलित्ज़र पुरस्कार बोर्ड'** द्वारा प्रशासित किया जाता है। 'पुलित्ज़र पुरस्कार बोर्ड' का निर्माण कोलंबिया विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त **न्यायाधीशों** द्वारा होता है। यह पुरस्कार प्रसिद्ध समाचार पत्र प्रकाशक **जोसेफ पुलित्ज़र** के सम्मान में दिया जाता है। जोसेफ पुलित्ज़र ने कोलंबिया विश्वविद्यालय में **पत्रकारिता स्कूल** को शुरू करने तथा पुरस्कार की शुरुआत करने के लिये अपनी वसीयत से पैसा दिया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-25-august-2022